AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग संकाय स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की गुणवत्ता सुधार के लिए सहयोग करेगा। इसके लिए बृहस्पतिवार को विश्वविद्यालय व राइट्स लिमिटेड के बीच एक एमओयू किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय स्मार्ट सिटी लिमिटेड की परियोजनाओं में थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस के तहत 83 करोड़ की परियोजनाओं के लिए काम करेगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि एकेडमी इंडस्ट्री की भागीदारी को बढ़ावा देने में यह एमओयू सहयोगी होगा। इसका लाभ न सिर्फ विश्वविद्यालय बल्कि समाज को भी मिलेगा। इस अवसर पर डीन इंजीनियरिंग प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. विनय कुमार, ओपी सिंह, राइट्स के आरके चौधरी, चमनदीप अग्रवाल, अंजली, आरबी जोशी आदि उपस्थित थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

69 शिक्षक-शोधार्थी होंगे पुरस्कृत

लविवि : शोध व रिसर्च पेपर के चयनितों की सूची जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि प्रशासन अपने यहां अच्छे शोध व रिसर्च पेपर प्रकाशन के लिए 69 शिक्षकों व शोधार्थियों को सम्मानित करेगा। यह आयोजन 20 से 24 दिसंबर के बीच करने की तैयारी है। चयनित शिक्षकों व शोधार्थियों की सूची बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई।

लविवि प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने वाले शिक्षकों के लिए एक्लेम, अच्छे शोध करने के लिए प्रोत्साहन व बेस्ट रिसर्च पेपर प्रकाशित करने के लिए उद्दीपन योजना शुरू की गई थी। उद्दीपन में शिक्षकों के साथ शोधार्थियों को भी चयनित किया जाता है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस बार का एक्लेम अवार्डों जियोलॉजी विभाग के प्रो. ध्रुवसेन सिंह व अंग्रेजी विभाग के प्रो. रवींद्र प्रताप सिंह को दिया जाएगा। इन्हें पांच-पांच हजार रुपये नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए जुलॉजी के डॉ. सुचित स्वरूप, आकांक्षा शर्मा, डॉ. आशुतोष रंजन, डॉ. मनोज कुमार, स्टेटिस्टिक्स की डॉ. शांभवी मिश्रा, एस्ट्रोनॉमी की डॉ. अलका मिश्रा व अप्लाइड इकोनॉमिक्स के डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्य का चयन हुआ है। इनको 20-20 हजार रुपये शोध के लिए सीड मनी के रूप में दिए जाएंगे।

बेस्ट रिसर्च पेपर के लिए 30 शिक्षक व शोधार्थियों को 11-11 सौ रुपये व प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। कुल 69 शिक्षक व शोधार्थी पुरस्कृत किए जाएंगे। रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने सभी संबंधितों को पत्र भेजकर उनसे बैंक आदि की डिटेल डीन रिसर्च को मेल भेजने को कहा है।

पीएचडी छात्रों को नहीं मिल सकेगा डुअल डिग्री का लाभ

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से यूजीसी के निर्देश पर शुरू की जा रही डुअल डिग्री सुविधा का लाभ शोध करने वाले विद्यार्थियों को नहीं मिलेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यूजीसी की जारी गाइडलाइन को बृहस्पतिवार को जारी कर दिया गया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि यूजीसी की व्यवस्था के अनुसार नियमित कोर्स में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी इसके साथ एक अन्य कोर्स कहीं से भी ऑनलाइन या डिस्टेंस मोड से कर सकेंगे। इसे हाल ही में हुई कार्य परिषद की बैठक में हरी झंडी दी जा चुकी है। नए सत्र 2022-23 से इस व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाएगा। किंतु यह सुविधा पीएचडी छात्रों को नहीं मिलेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यूजीसी की गाइडलाइन को ही स्वीकृत किया है। इसके अनुसार आगे चलकर विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

खेलों संग संस्कृति-साहित्य में भी दिखाई रुचि

लविवि में संस्कृति सुरभि महोत्सव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे संस्कृति सुरभि महोत्सव के तीसरे दिन की शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरि ने कहा कि खेल ही ऐसा माध्यम है, जिससे छात्र अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते हैं। इस अवसर पर हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रेम विरह, नारी जीवन, जैसी ज्वलंत समस्याएक विषयों पर छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं संस्कृति के रक्षण में साहित्य का महत्व, आशा ही जीवन है, निराशा ही मौत जैसे विषयों पर छात्रों ने अपने लेखन का दमखम दिखाया।

प्रतियोगिता में 40 बच्चों ने प्रतिभाग लिया। विजेताओं के नाम शुक्रवार को घोषित होंगे। मेहंदी प्रतियोगिता हिना ग्लैम में 23 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सामूहिक नृत्य में 20 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। (संवाद)

लविवि : प्रयोगात्मक परीक्षा 19 को

लखनऊ। लविवि व सहयुक्त महाविद्यालय के बीए तृतीय वर्ष की शिक्षा शास्त्र की प्रयोगात्मक परीक्षा 19 दिसंबर को सुबह 11 बजे से होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया, यह परीक्षा सुबह 11 बजे से विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज में होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 6

शिक्षकों और शोधार्थियों को मिला सम्मान

■ एनबीटी सं, लखनऊ

शिक्षकों और शोधार्थियों के बीच शोध को बढ़ावा देने के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी में शुरू की गई पहल में गुरुवार को उद्दीपन, प्रोत्साहन और एक्लेम पुरस्कारों की घोषणा की गई।

लखनऊ यूनिवर्सिटी में उद्दीपन, प्रोत्साहन और एक्लेम पुरस्कारों की घोषणा

यह पुरस्कार वेहतरीन रिसर्च पेपर और शोध के लिए दिया जा रहा है। इस मौके पर एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि ये पुरस्कार 2021-2022 शैक्षणिक सत्र के लिए दिया जा रहा है।

उद्दीपन पुरस्कार : डॉ. मीनल गर्ग, डॉ. कुसुम यादव, डॉ. आशीष अवस्थी, डॉ. मनीषा गुप्ता, प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. आंचल श्रीवास्तव, प्रो. राजीव मनोहर, प्रो. पूनम टंडन, डॉ. सीआर गौतम, डॉ. सतेन्द्र पाल सिंह, प्रो. एनके पांडेय, डॉ. मनोज कुमार, प्रो. मो. सिराजुद्दीन, प्रो. गीतांजलि मिश्रा, प्रो. ओमकार, प्रो.मोनीषा वनर्जी, डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रो.शशि भूषण, डॉ. शांभवी मिश्रा, डॉ. मनोज यादव, प्रो. ध्रुवसेन सिंह, प्रो. गौरी सक्सेना, प्रो. इसराइल अंसारी, प्रो. मधुरिमा लाल, डॉ. सरोज कुमार, डॉ. रचना पाठक, डॉ. रणविजय प्रताप सिंह, डॉ. ऋषि कांत और डॉ. चन्द्र सेन सिंह।

रिसर्च स्कॉलर को उद्दीपन पुरस्कार

पुष्कर सिंह रावत, सुभाष रेड्डी, डॉ. रवि प्रकाश श्रीवास्तव, आशीष कुमार गुप्ता, अमृत पाल सिंह, चितेरी गौतम, राहुल कुमार वर्मा, दया शंकर सिंह, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. चेतन, हरेन्द्र वर्मा, राजेश तिवारी, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, लक्ष्मी कुमारी, प्रिया वर्मा, सर्वेश कुमार, प्रीति प्रजापति, अशोक सिंह, शिवांगी त्रिपाठी, श्वेता, प्रतिक्षा मौर्या, जया पांडेय, मनीषा यादव, रत्नेश कुमार, विपिन कुमार शर्मा, अंशु द्विवेदी, सुकन्या त्रिपाठी, अमरीन खान, तंजिला सिद्दीकी और नूतन पांडेय।

प्रोत्साहन पुरस्कार : डॉ. सुचित स्वरूप, अकांक्षा शर्मा, डॉ. आशुतोष रंजन, डॉ. मनोज कुमार, डॉ.शांभवी मिश्रा, डॉ. अलका मिश्रा और डॉ. नागेन्द्र कुमार मौर्या

एक्लेम पुरस्कार : प्रो.ध्रुवसेन सिंह और प्रो. रवीन्द्र प्रताप सिंह।

बास्केटबॉल टूर्नामेंट में जीती एलयू की टीम

■ एनबीटी सं, लखनऊ

संस्कृति सुरभि महोत्सव में अतिथियों को सम्मानित किया।

एलयू न्यू कैंपस में संस्कृति सुरभि कार्यक्रम में गुरुवार को भी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बास्केटबॉल टूर्नामेंट में जहां एलयू की टीम प्रथम स्थान पर रही, वहीं क्रिश्चियन कॉलेज की टीम 'फ्लोटर' द्वितीय स्थान पर रही। वहीं बैडमिंटन डबल्स में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी की होमा शेफीन और आलिया खान ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि लड़कों में एमिटी यूनिवर्सिटी के मोक्ष और रोहित प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा एलयू के जीशान सैफी और जीशान अय्यूब द्वितीय स्थान पर रहे। महोत्सव के तीसरे दिन 'बज्म-ऐ-कलम, हिंदी कविता प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयो के छात्रों ने प्रेम, विरह, नारी जीवन, ज्वलंत समस्याओं और देशप्रेम विषयों पर स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कीं। गुरुवार को मुख्य अतिथि के तौर पर लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरी मौजूद रहे।

एलयू को मिली क्वालिटी अश्योरेंस की जिम्मेदारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ :स्मार्ट सिटी की आईटी से संबंधित 83 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का थर्ड पार्टी क्वालिटी अश्योरेंस (टीपीक्यूए) एलयू करेगी। स्मार्ट सिटी ने मेसर्स राइट्स लिमिटेड को टीपीक्यूए के लिए नामित किया था। राइट्स लिमिटेट ने एलयू से 83 करोड़ रुपये की परियोजना के टीपीक्यूए के लिए संपर्क किया था। गुरुवार को एलयू और राईट्स लिमिटेड के मध्य एक अनुबंध किया गया। अनुबंध के समय एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय, अधिष्ठता प्रो. अशोक कुमार सिंह, डॉ. विनय कुमार और राइट्स लिमिटेड के अधिकारी मौजूद थे।

पद्मभूषण चंडी प्रसाद भट्ट देंगे व्याख्यान

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के समाजशास्त्र विभाग के सहयोग से 'सोसाइटी फॉर हिमालयन एनवायरनमेंट एंड पीपल्स एक्शन' (शेरपा) की ओर से शुक्रवार को द्वितीय टीएन धार मेमोरियल व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। व्याख्यान पर्यावरणविद् और पद्म भूषण चंडी प्रसाद भट्ट 'ग्रिजनेशन ऑफ हिमालयन इकोलॉजी: ए कर्स्ट सिनेरियो' विषय पर समाजशास्त्र विभाग के राधा कमल मुखर्जी सभागार में सुबह 11:30 बजे से देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व वीसी एलयू जी. पटनायक करेंगे। वहीं लखनऊ यूनिवर्सिटी के आरोग्य भवन में गुरुवार को हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। इस बीच स्टाफ ने जांच कराई।

JAGRAN CITY PAGE III

स्मार्ट सिटी की गुणवत्ता जांचेगा लवि

विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय और मेसर्स राइट्स लिमिटेड के बीच एमओयू

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग संकाय स्मार्ट सिटी की इंजीनियरिंग की गुणवत्ता की भी जांच करेगा। इसके लिए मेसर्स राइट्स लिमिटेड की ओर से लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की परियोजनाओं में थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस के लिए नामित किया गया है। राइट्स लिमिटेड ने इन परियोजनाओं में आइटी से संबंधित 83 करोड़ की परियोजनाओं के थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस के कार्य के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग से संपर्क किया है। गुरुवार को विश्वविद्यालय और राइट्स लिमिटेड के बीच एमओयू (करार पत्र) पर हस्ताक्षर किया गया।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, राइट्स लिमिटेड के एजीएम आरके चौधरी, चमनदीप अग्रवाल, अंजली, आरबी जोशी की मौजूदगी में इस पर हस्ताक्षर हुआ। एमओयू के बाद अब यह कार्य इंजीनियरिंग संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. विनय कुमार एवं उनकी टीम करेगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इस समझौते से एकेडमिक और इंडस्ट्री की भागीदारी को बहुत बढ़ावा मिलेगा। साथ ही इस तरह के बहुत सारे प्रयासों की जरूरत है। इसका लाभ न केवल विश्वविद्यालय बल्कि समाज को भी प्रत्यक्ष रूप से मिलेगा। फैकल्टी के साथ छात्रों को भी क्वालिटी कंट्रोल कैसे किया जाता है। इस परियोजना में विभाग को परामर्श शुल्क भी मिल सकता है। साथ ही कई तरह की रैंकिंग में भी इससे लाभ मिलेगा।

एमओयू के मौके पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय, अधिष्ठता प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह, डा. विनय कुमार, मेसर्स राइट्स लिमिटेड के एजीएम आरके चौधरी, चमनदीप अग्रवाल, अंजली, आरबी जोशी उपस्थित रहे। सौजन्य से लवि

69 शिक्षकों और शोधार्थियों को मिलेगा अवार्ड

जासं, लखनऊ :लखनऊ विश्वविद्यालय ने अच्छे शोध कार्यों एवं बेस्ट रिसर्च पेपर वाले शिक्षकों एवं शोधार्थियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की सूची गुरुवार को जारी कर दी। शैक्षिक सत्र 2021-22 में इस बार एक्लेम अवार्ड के लिए दो, प्रोत्साहन अवार्ड के लिए सात और उद्दीपन अवार्ड में 30 शिक्षक व 30 शोधार्थियों के नाम चयनित किए हैं। 20 से 24 दिसंबर के बीच कार्यक्रम आयोजित कर यह पुरस्कार दिए जाएंगे।

अधिष्ठाता शोध प्रोफेसर राजीव पांडेय ने बताया कि सत्र 2021-22 के इन पुरस्कारों के लिए शिक्षकों व शोधार्थियों से आवेदन लिए गए थे। उसके बाद कमेटी बनाकर आवेदन पत्रों के आधार पर शोध के मानकों की जांच की गई। प्रोत्साहन, एक्लेमऔर उद्दीपन अवार्ड मिलाकर 69 शिक्षक व शोधार्थियों का चयन पुरस्कार के लिए हुआ है। कुलसचिव संजय मेधावी ने भी इसका नोटिफिकेशन जारी कर चयनित शिक्षकों एवं शोधार्थियों से खाता संख्या, बैंक का नाम, आइएफएस कोड एवं पास बुक के प्रथम पृष्ठ की फोटोकापी डीन रिसर्च को ई-मेल से भेजने के लिए कहा है।

ये है नियम : अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर कोई उपलब्धि पाने वाले शिक्षकों को एक्लेम अवार्ड में पांच हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र दिया जाता है। शोध शुरू करने के लिए 20 हजार रुपये प्रति शिक्षक सीड मनी के तौर पर मिलता है।

पुरस्कार के लिए चयनित

प्रोत्साहन अवार्ड : डा. सुचित स्वरूप-जूलाजी, अकांक्षा शर्मा-जूलाजी, डा. आशुतोष राजन-जूलाजी, डा.मनोज कुमार-जूलाजी, डा. सांभवी मिश्रा-सांख्यिकी, डा. अलका मिश्रा-मैथमेटिक्स एवं एस्ट्रोनामी, डा. नागेंद्र कुमार मौर्या-एप्लाइड इकोनामिक्स।

एक्लेम अवार्ड : प्रो. ध्रुवसेन सिंह-जियोलाजी, प्रो. रवींद्र प्रताप सिंह-इंग्लिश एंड मार्डन यूरोपियन लैंग्वेज।

i-NEXT PAGE 4

69 टीचर्स और रिसर्चर्स को दिया जाएगा अवार्ड

एलयू से दो एक्लिम, सात प्रोत्साहन और 60 उद्दीपन अवार्ड के लिए सूची जारी

LUCKNOW (15 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय ने अच्छे शोध कार्यों एवं बेस्ट रिसर्च पेपर वाले शिक्षकों एवं शोधार्थियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की सूची गुरुवार को जारी कर दी. शैक्षिक सत्र 2021-22 में इस बार एक्लिम अवार्ड के लिए दो, प्रोत्साहन अवार्ड के लिए सात और उद्दीपन अवार्ड में 30 शिक्षक व 30 शोधार्थियों के नाम चयनित किए हैं. 20 से 24 दिसंबर के बीच कार्यक्रम आयोजित कर यह पुरस्कार दिए जाएंगे.

मांगे गए थे आवेदन

अधिष्ठाता शोध प्रोफेसर राजीव पांडेय ने बताया कि सत्र 2021-22 के इन पुरस्कारों के लिए शिक्षकों व शोधार्थियों से आवेदन लिए गए थे. उसके बाद कमेटी बनाकर आवेदन पत्रों के आधार पर शोध के मानकों की जांच की गई. प्रोत्साहन, एक्लिम और उद्दीपन अवार्ड मिलाकर 69 शिक्षक व शोधार्थियों का चयन पुरस्कार के लिए हुआ है. कुलसचिव संजय मेधावी ने भी इसका नोटिफिकेशन जारी कर चयनित शिक्षकों एवं शोधार्थियों से खाता संख्या, बैंक का नाम, आईएफएस कोड एवं पास बुक के प्रथम पृष्ठ की फोटोकापी डीन रिसर्च को ई-मेल से भेजने के लिए कहा है. नियम के मुताबित अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर कोई उपलब्धि पाने वाले शिक्षकों को एक्लिम अवार्ड में पांच हजार रुपये, प्रमाण पत्र दिया जाता है.

पुरस्कार के लिए चयनित

प्रोत्साहन अवार्ड : डॉ. सुचित स्वरूप-जूलाजी, अकांक्षा शर्मा-जूलाजी, डॉ. आशुतोष राजन-जूलाजी, डॉ.मनोज कुमार-जूलाजी, डॉ. सांभवी मिश्रा-सांख्यिकी, डॉ. अलका मिश्रा-मैथमेटिक्स एवं एस्ट्रोनामी, डॉ. नागेंद्र कुमार मौर्या-एप्लाइड इकोनामिक्स.

एक्लिम अवार्ड : प्रो. ध्रुवसेन सिंह-जियोलाजी, प्रो. रवींद्र प्रताप सिंह-इंग्लिश एंड मार्डन यूरोपियन लैंग्वेज.

उद्दीपन अवार्ड : 30 शिक्षक, 30 शोधार्थी

पीएचडी वाले अब एक साथ नहीं ले सकेंगे डुअल डिग्री

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी की यूजीसी की गाइडलाइन

LUCKNOW (15 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति-2020 के तहत डुअल डिग्री के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाइडलाइन गुरुवार को जारी कर दी. इसी के तहत कोई भी छात्र एक रेगुलर डिग्री के साथ-साथ आनलाइन या डिस्टेंस लर्निंग से दूसरी डिग्री ले सकेंगे. इसके अलावा विद्यार्थी फिजिकल मोड में दो फुलटाइम एकेडमिक प्रोग्राम कर सकता है, बशर्ते एक प्रोग्राम के लिए कक्षा का समय दूसरे प्रोग्राम के साथ समान न हो.

गाइडलाइन का हवाला

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि यूजीसी के अनुसार यूजी और पीजी कोर्सों में एक रेगुलर और दूसरा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग या आनलाइन मोड या एक साथ दोनो कोर्स किए जा सकेंगे.

देश प्रेम पर छात्रों की रचनाओं ने मोहा मन

LUCKNOW (15 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे 'संस्कृति सुरभि' महोत्सव में गुरुवार को 'बज्म-ए-कलम, हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय के अनेकों छात्र-छात्राओं ने प्रेम, विरह, नारी जीवन, ज्वलंत समस्याओं, देशप्रेम आदि विभिन्न भावों एवं विषयों पर एक से बढ़कर एक स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कीं. मुख्य अतिथि के रूप में लखीमपुर खीरी के गोला विधान सभा के विधायक अमन गिरि उपस्थित रहे.

लेखन कौशल को आजमाया

हिंदी एव अंग्रेजी भाषाओं में आयोजित रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में 'संस्कृति के रक्षण में साहित्य का महत्व' आशा ही जीवन है, निराशा ही मौत जैसे दिए हुए टॉपिक पर छात्रों ने अपने अपने लेखन कौशल को आजमाया. क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता कोऑर्डिनेटर शिवम मिश्रा ने बताया कि 40 से अधिक छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं के नाम 16 दिसम्बर को अनाउंस किये जायेंगे। मेहंदी कम्पटीशन 'हिना ग्लैम' में भी 23 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और नृत्य कला के हुनर को प्रस्तुत किया. प्रतियोगिता के निर्णायक रहे शुभम ने बताया कि आज के चयनित प्रतिभागी कल फाइनल राउंड में अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेंगे। आज के कार्यक्रमों के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि खेल भी एक ऐसा माध्यम है, जिससे छात्र अपने व्यक्तित्व का विकास कर सकते है। उन्होंने खेल को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। संस्कृति सुरभि के तीसरे दिन बैडमिंटन, पावर लिफ्टिंग, रचनात्मक लेखन, मेहंदी, रंगोली, टेबल टेनिस सहित 15 से अधिक प्रतियोगिताओं में राजधानी लखनऊ के छात्रों ने अपना प्रतिभा दिखाया।

HINDUSTAN PAGES 5 & 6

एलयू : गीत संगीत के संग खिलाड़ियों ने भी रंग जमाया

एलयू की ओर से संस्कृति सुरभि में गुरुवार को कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

संस्कृति सुरभि

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। क्यूं मेहनत कर घबराता है, क्यों आंख मिला शर्माता है, उम्मीद लगा कर दौड़ लगा, जर्रा भी फतह हो जाता है। इन पंक्तियों के साथ लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृति सुरभि महोत्सव की शुरुआत हुई। तीसरे दिन 'बज्म-ए-कलम, हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने प्रेम, विरह, नारी जीवन, ज्वलंत समस्याओं, देशप्रेम जैसे विषयों पर रचनाएं पेश कीं। मेहंदी और नृत्य प्रतियोगिताएं भी हुईं। तीसरे दिन के मुख्य अतिथि 'लखीमपुर खीरी के गोला विधानसभा के विधायक अमन गिरी थे।

दो बार रस्सी टूटने के कारण फाइनल रोका: देर शाम तक विश्विद्यालय के क्रीड़ास्थल में गतिविधियां जारी रही। बास्केटबॉल टूर्नामेंट में लगभग 17 टीमें शामिल थी। दो बार रस्सी टूटने के कारण रस्साकशी का फाइनल मैच नहीं हो सका। यह मैच दोबारा खेला जाएगा। **एमओयू साइन:** स्मार्ट सिटी कार्यो की थर्ड पार्टी ऑडिट के लिए नामित मेसर्स राइट्स ने एलयू इंजीनियरिंग संस्थान के साथ गुरुवार को करार किया।

एलयू के 67 प्रोफेसर और शोधार्थियों को सम्मान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्याय ने उद्दीपन प्रोत्साहन योजना के तहत शिक्षकों तथा शोध छात्रों के नाम घोषित कर दिए हैं। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2021-22 में बेहतर काम करने वाले शिक्षकों, शोध छात्रों का पुरस्कार के लिए चयन किया गया है। संबंधित शिक्षक बैंक खाते की डीटेल अधिष्ठाता शोध को ईमेल कर दें ताकि प्रोत्साहन राशि भेजी जा सके।

VoL PAGE 4

लविवि ने दो डिग्री प्रोग्राम को दी मंजूरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि अगले शैक्षणिक सत्र से डुएल डिग्री प्रोग्राम को अपनी मंजूरी दी है। इससे छात्र एक साथ दो डिग्री कर हासिल कर सकेंगे।

विवि अनुदान आयोग (यूजीसी) ने एक फरजारी कर सभी विवि को कहा था कि वह एक शैक्षणिक सत्र में छात्रों को दो डिग्री करने की छूट दी जाये। इसके बाद बीते दिनों लविवि प्रशासन ने कार्य परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय के छात्रों को एक साथ दो डिग्री करने की अनुमति देदी हालांकि यह छूट छात्रों को अगले शैक्षणिक सत्र से मिलेगा।

विवि प्रशासन का कहना है कि जो छात्र एक साथ दो एकेडमिक कोर्स को करना चाहते हैं। वह रेगुलर और ऑनलाइन मोड में ऐसा कर सकते हैं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एक फुल टाइम और फिजिकल मोड में और दूसरा ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड से कर सकते हैं। छात्र ऑनलाइन मोड में या एक साथ दो ओडीएल, ऑनलाइन प्रोग्राम कर सकते

● छात्रों को एक फिजिकल, दूसरा ऑनलाइन कोर्स करने की मिलेगी छूट

हैं। अब तक कई छात्र एक साथ दो कोर्स करना चाहते थे लेकिन उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं थी। अब छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यूजीसी ने एक साथ दो डिग्री कोर्स करने के निर्देश जारी किया।

एक ही संस्थान से रेगुलर मोड में नहीं कर सकते दो डिग्री : विवि प्रशासन का कहना है कि नियम के तहत कोई छात्र विवि व संबद्ध डिग्री कॉलेज से दो रेगुलर की डिग्री नहीं प्राप्त कर सकता। वह किसी रेगुलर कोर्स में प्रवेश लेने के साथ ऑनलाइन मोड या डिस्टेंस लर्निंग से कोई दूसरा कोर्स उसी समय अवधि में कर सकता है। जैसे एक ही कॉलेज में बीए में प्रवेश ले चुका, छात्र उसी समय अवधि में बीसीए करना चाहता है तो उसे यह कोर्स ऑनलाइन मोड में करना होगा। यूजीसी ने छात्रों को साफ ही यह किकल्प भी दिया है कि वे जिस विधि में पढ़ रहे हैं यदि वहीं से ऑनलाइन मोड में दूसरे कोर्स में दाखिला लेना चाहे तो ले सकते हैं।

पीजी और यूजी कर सकते हैं साथ : कुछ छात्र अपने परास्नातक (पीजी) के समय किसी अलग स्ट्रीम से स्नातक (यूजी) करना चाहते हैं। अब तक वे ऐसा नहीं कर सकते थे लेकिन अब यूजीसी ने निर्देश दिया है कि कोई छात्र यदि पीजी कर रहा है और उसे फिर से यूजी करना है तो वह दाखिला ले सकता है। अगर किसी छात्र को डिग्री कोर्स के साथ डिप्लोमा कोर्स करने का मन है तो वह भी दाखिला ले सकता है।

छात्रों ने रचनात्मक लेखन में दिखायी प्रतिभा

लखनऊ। लविवि में चल रहे संस्कृति सुरभि महोत्सव के तीसरे दिन गुरुवार को बज्म-ऐ-कलम हिंदी कविता प्रतियोगिता से हुआ। इसमें महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयो के अनेकों छात्रों ने प्रेम, विरह, नारी जीवन, ज्वलंत समस्याओं, देशप्रेम आदि विभिन्न भावों एव विषयों पर एक से बढ़कर एक स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत कीं और उपस्थित गुरुजनों, गणमान्य अतिथिगणों, एव छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। वहीं हिंदी एव अंग्रेजी भाषाओं में आयोजित रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में 'संस्कृति के रक्षण में साहित्य का महत्व' 'आशा ही जीवन है, निराशा ही मौत' जैसे दिए हुए टॉपिक पर छात्रों ने अपने-अपने लेखन कौशल का परिचय दिया। क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता में 'संस्कृति के रक्षण में साहित्य का महत्व' 'आशा ही जीवन है, निराशा ही मौत' जैसे दिए हुए टापिक पर छात्रों ने अपने अपने लेखन कौशल को आजमाया। क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता कोऑर्डिनेटर शिवम मिश्रा ने बताया कि 40 से अधिक छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं के नाम 16 दिसम्बर को अनाउंस किये जायेंगे। मेहंदी कम्पटीशन 'हिना ग्लैम' में भी 23 छात्राओं ने प्रतिभाग किया और हाथों पर मनमोहक मेहंदी रचकर अपनी अपनी दावेदारी पेश की। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने नृत्य कला के हुनर को प्रस्तुत किया।

समस्याओं, देश प्रेम पर छात्रों ने प्रस्तुत की स्वरचित रचनाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे "संस्कृति सुरभि" महोत्सव में गुरुवार को 'बज्म-ए-कलम, हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय के अनेकों छात्र-छात्राओं ने प्रेम, विरह, नारी जीवन, ज्वलंत समस्याओं, देशप्रेम आदि विभिन्न भावों एवं विषयों पर एक से बढ़कर एक स्वरचित रचनाएं प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि के रूप में लखीमपुर खीरी के गोला विधान सभा के विधायक अमन गिरि उपस्थित रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे संस्कृति सुरभि महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हिंदी एव अंग्रेजी भाषाओं में आयोजित रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में 'संस्कृति के रक्षण में साहित्य का महत्व' 'आशा ही जीवन है, निराशा ही मौत' जैसे दिए हुए टापिक पर छात्रों ने अपने अपने लेखन कौशल को आजमाया। क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता कोआर्डिनेटर शिवम मिश्रा ने बताया कि 40 से अधिक छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेताओं के नाम 16 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। मेहंदी प्रतियोगिता 'हिना ग्लैम' में भी 23 छात्र-छात्राओं ने हाथों पर मनमोहक मेहंदी रचकर अपनी दावेदारी पेश की। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने नृत्य कला के हुनर को प्रस्तुत किया।

पीएचडी वाले एक साथ न ले सकेंगे डुअल डिग्री

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति-2020 के तहत डुअल डिग्री के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाइडलाइन गुरुवार को जारी कर दी। इसी के तहत कोई भी छात्र-छात्रा एक रेगुलर डिग्री के साथ-साथ आनलाइन या डिस्टेंस लर्निंग के माध्यम से दूसरी डिग्री ले सकेंगे। इसके अलावा विद्यार्थी फिजिकल मोड में दो फुलटाइम एकेडमिक प्रोग्राम कर सकता है, बशर्ते ऐसे मामलों में एक प्रोग्राम के लिए कक्षा का समय दूसरे प्रोग्राम के साथ समान न हो।

अधिष्ठाता छात्र